
# Page Three
## Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# आपदा से बेहाल प्रदेश में अब तक 59 व्यक्तियों की मौत

**कहर**

**संवाददाता**

देहरादून। आपदा से बेहाल प्रदेश में अब तक 59 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 55 घायल और 12 लापता हैं। वहीं आपदा से उत्तरकाशी जिले की तहसील मोरी के कोटीगाड़ क्षेत्र का करीब 70 वर्ग किमी क्षेत्रफल प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि गदेरों के किनारे आबादी की बसावट खतरे की जद में हैं। यह चिंता की बात है। इसके लिए जनता को जागरूक किया जाएगा।

मंगलवार को सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आपदा से उत्तरकाशी जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में हुए नुकसान का ब्योरा रखा। उन्होंने बताया कि राज्य में आपदा से 62 बड़े व 263 छोटे पशुओं की हानि हुई है। इसके अतिरिक्त 134 आवासीय भवन आंशिक व 115 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। उत्तरकाशी जिले की मोरी तहसील में आपदा से 17 भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त, 115 आंशिक क्षतिग्रस्त, दो मोटरपुल, दो पैदल पुल, 14 किमी विद्युत लाइन, 12 किमी 11 केवी लाइन, आठ ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं।



कुल प्रभावित क्षेत्र में 51 गांवों और तोकों समेत 24 घाटी और 27 पहाड़ी शामिल हैं। करीब 130 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा से सेब के बाग भी प्रभावित हुए हैं। जिन बागों में सेब की खेती पर असर पड़ा है, उसकी भरपाई सरकारी खर्च से की जाएगी। उन्होंने आपदा प्रभावित आराकोट, त्यूणी व मोरी से सेब की फसल को गांवों से सड़क तक लाने और फसल को नुकसान से बचाने की हिदायत दी। जिन गांवों में संचार व्यवस्था नहीं है, वहां सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की जाएगी।

गदेरों के इर्द–गिर्द आबादी बसने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि यह स्थिति चिंताजनक है। इसे रोकने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसने के लिए जन जागरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। भू–वैज्ञानिकों से भी इस बारे में राय ली जाएगी।

**सीएम ने कीं प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण की घोषणाएं**

टिकोची, किराणु, दुचाणु के किमी एक से 84 मीटर सेतु का निर्माण, मुलाणा में 70 किमी झूला पुल का निर्माण, टिकोची में 90 मीटर सेतु का निर्माण, चिवां बालचा में 42 मीटर सेतु का निर्माण, आराकोट, चिवां, बालचा, बरनाली, माकुड़ी, बरनाडी–झोटाड़ी–गोकुल मोटर मार्गो के पुनर्निर्माण की घोषणा की। आराकोट में पुलिस चौकी, ग्राम पंचायत चिवां में प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल व माध्यमिक विद्यालय का पुनर्निर्माण, राजकीय इंटर कॉलेज किोची का पुनर्निर्माण, राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय टिकोची का पुनर्निर्माण व हेलीपैड का विस्तार करने की घोषणा की।

## न्यूज डायरी

### आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन आज

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों का आरक्षण और आवंटन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसमें आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन 22 अगस्त सांय 5 बजे पश्चात, आरक्षण प्रस्तावों पर आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य 24 अगस्त एवं 26 अगस्त, जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों का निराकरण 27 अगस्त से 28 अगस्त 2तक, आरक्षण प्रस्तावों का अनन्तिम प्रकाशन 29 अगस्त को किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के स्थानों और पदों का आरक्षण के अनन्तिम प्रकाशन पर आपत्तियां सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय, या जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती हैं। अनन्तिम प्रस्तावों पर विकास खण्ड चकराता, कालसी व विकासनगर से प्राप्त आपित्तयां की सुनवाई 27 अगस्त एवं विकासखण्ड सहसपुर, रायपुर, डोईवाला से प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार कलेक्ट्रेट में की जायेगी।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**(ईएमएस)** देहरादून। सिविल जज सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज वर्णी जैन इंटर कालेज, गांधी रोड देहरादून में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण देहरादून द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को नालसा योजना 2016, शिक्षा का महत्व, महिलाओं के अधिकार, नशे के दुष्प्रभाव, बालकों के लिए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि तथा अन्य कई कानूनी विषयों की जानकारी दी गयी। शिविर में लगभग 350 लोक लाभान्वित हुए।

### ब्रिटिशकाल में बना देहरादून रेलवे स्टेशन ,कम पड़ती सुविधाएं

**(संवाददाता)** देहरादून। वर्ष 1899 में ब्रिटिशकाल में बने देहरादून रेलवे स्टेशन का ऐतिहासिक स्वरूप बढ़ते यात्री दबाव और सिमटती सुविधाओं में कहीं गुम सा हो गया है। कहने को इस रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार ने श्रेणी एक में रखा है, मगर इस तरह की प्राथमिकता का ऐहसास यहां होता नहीं है। स्टेशन पर रोजाना करीब 12 हजार यात्रियों की आवाजाही रहती है और इसके अनुरूप पार्किंग सुविधा नगण्य नजर आती है। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील होने के बाद भी यहां रखे गए दो मेटल डिटेक्टर में से भी एक ही चालू अवस्था में है।

# सीएम ने चॉपर क्रैश पर दुख जताया

**हादसा**

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तरकाशी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुचांकर वापस आ रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलेट, को–पायलेट व एक स्थानीय व्यक्ति के निधन पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

स्थितियां अनुकूल न होने के कारण हेलीकॉप्टर की लैंडिंग संभव नहीं हो पाई थी। बुधवार को शासन ने निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री ड्रॉप करने की योजना बनाई थी। इस दौरान कुछ सामग्री ड्रॉप कर दी गई थी। उसके बाद यह हादसा हो गया।



राज्य आपदा परिचालन केन्द्र में घटना की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत।

आराकोट के समीप वायर से बचने के प्रयास में हेलीकॉप्टर पहाड़ से टकरा गया, इस दुर्घटना में कैप्टन लाल, कैप्टन शैलेश एवं ग्राम खरसाली के राजपाल राणा की मृत्यु हो गई।

मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के परिजनों को 15–15 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र में जाकर घटना की जानकारी ली।

# लोगों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा

**(संवाददाता)** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत आज पार्टी के महानगर मंत्री लच्छू गुप्ता के नेतृत्व में जनरल महादेव सिंह मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री बबलू बंसल को सदस्यता अभियान के तहत बनाए गए सभी नए सदस्यों के फार्म सौंपे गये।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने कहा कि लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों व नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं। जीएमएस मंडल के सदस्यता प्रमुख बबलू बंसल ने सभी लोगों से फार्म लेते हुए कहा कि आप लोगों ने जो भी कार्य किया है उसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद, आप लोगों को भारतीय जनता पार्टी ने जो कार्य दिया है उसको बखूबी निभाया है। मैं हमेशा ही चाहूंगा कि ऐसे ही आप लोगों का साथ मुझे मिलता रहे।

इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, समाजसेवी सचिन जैन, भारतीय जनता महानगर सोशल मीडिया के प्रभारी राहुल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## चौरासी कुटिया बीटल्स आश्रम के दिन सुधरने की उम्मीद

**(संवाददाता)** देहरादून। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके महर्षि महेश योगी के चौरासी कुटिया बीटल्स आश्रम के दिन अब सुधरने की उम्मीद बनी है। केन्द्रीय पर्यटन मत्रांलय ने, 'अपनी धरोहर अपनी पहचान' योजना के तहत चौरासी कुटिया को गोद लेने के लिए उत्तराखंड पर्यटन मंत्रालय से समझौता किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह ने उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को एक समझौता पत्र सौंपा है, जिसमें उत्तराखंड के ऋषिकेश में स्थित चौरासी कुटिया और रुद्रप्रयाग के नारायण मंदिर को गोद लेने पर समझौता हुआ है।

गौरतलब है कि महर्षि महेश योगी ने भारतीय योग को पहली बार विदेशियों से रूबरू करवाया था। उन्होंने ऋषिकेश के गंगा तट पर 60 के दशक में प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धति को मिलाकर एक शंकराचार्य नगर बसाया था। इसमें गोल गुम्बदाकार 84 कुटिया का निर्माण किया गया था जो आज भी अद्भुत कारीगरी के अनूठे मेल की मिसाल है।

# आईआईडब्लू ने की बेसिक स्किल डेवलपमेंट कोर्स पर जीएसटी में छूट की मांग

**संवाददाता**

देहरादून। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्डिंग (आईआईडब्लू) ने जीएसटी काउंसिल द्वारा लघु अवधि के बेसिक वेल्डिंग कोर्सेस पर वर्तमान में लागू होने वाले 18 प्रतिशत गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) पर छूट न मिलने पर पश्चाताप व्यक्त किया है। कई उद्योगों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए कॉर्पोरेट सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड को पूरी तरह से जीएसटी कर की छूट प्राप्त करने के लिए जीएसटी काउंसिल से संपर्क किया है।



6 सप्ताह की क्लासरूम स्टडी और शॉप फ्लोर ट्रेनिंग के लिए बेसिक वेल्डिंग कोर्सेस की फीस लगभग 45,000– रुपए प्रति छात्र है। इस फीस में प्रशिक्षण के दौरान उपयोग आने वाला स्टडी मटेरियल और वेल्डिंग उपकरण की कीमत शामिल है।

प्रशिक्षण केंद्र में 6 सप्ताह के कार्यकाल में अकुशल युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए बेसिक वेल्डिंग पर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। 1.25 लाख से अधिक लोग प्रत्येक वर्ष बेसिक वेल्डिंग का प्रशिक्षण लेते हैं, जिनमें से आईआईडब्लू अपने ट्रेनिंग पार्टनर्स के साथ 15000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित और प्रमाणित करता है।

आईआईडब्लू यह भी सुनिश्चित करता है कि उनमें से प्रत्येक छात्र को देश भर के औद्योगिक हब के मध्यम और लघु उद्योग में नौकरी मिले। आईआईडब्लू मुंबई के पूर्व चेयरमैन एवं डॉन बॉस्को ट्रेनिंग एकेडमी मुंबई के प्रिंसिपल श्री जी.ए. सोमन ने कहा ''छात्रों को आईआईडब्लू कोर्सेस के लिए प्रशिक्षण शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है, जिससे पाठ्यक्रम महंगा हो जाता है और छात्र की रुचि विलंबित या खत्म हो जाती है।